तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026



09 उदंती रिजर्व में खुलेंगे हॉर्नबिल रेस्टोरेंट, साल भर मिलेगा...





10 सीए बनने पर चुम्मन वर्मा को पूर्व सीएम बघेल ने...







आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप



### अमित शाह का विमानतल पर अशोक बजाज ने किया स्वागत

**नवापारा राजिम।** छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह बस्तर पण्डुम 2026 में सम्मिलित होने 9 फरवरी को रायपुर से जगदलपुर रवाना हुए। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने उनका स्वागत किया।

### खम्हारीपारा में स्वावलंबी महिला विकास समिति का सशक्तिकरण अभियान



**गरियाबंद।** 9 फरवरी को स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत ग्राम बाघडबरा, खम्हारीपारा में "महिला एवं बाल संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराने के साथ-साथ शिक्षा के महत्व, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा स्वरोजगार से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन समिति की सचिव श्रीमती सारिका महाडिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सेबिया ध्रुव, पंच रीना सिन्हा एवं बाल कल्याण समिति सदस्य ताकेश्वरी साहू द्वारा माताओं को बच्चों से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं।

**मांग :** आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने जंगी रैली निकाल एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

# बीमार छात्र की मौत पर भड़का आदिवासी समाज आश्रम अधीक्षक की बर्खास्तगी और FIR की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा में एक आदिवासी बच्चे के बीमार पड़ने पर आश्रम प्रबंधन द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने और देरी के कारण 30 जनवरी को छात्र राघव मंडावी की दर्दनाक मौत हो गई यह खबर मीडिया में आने के बाद प्रशासनिक हड़कंप मच गया और आनन फानन में जॉच कमेटी बनाई गई थी जिस पर आदिवासी समाज के लोगों ने लिपा–पोती का आरोप लगाया है और आज 10 दिनों बाद भी इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से आदिवासी समाज के लोग भड़क उठे सैकड़ों लोगों ने जंगी रैली निकाली नारेबाजी करते एसडीएम कार्यालय मैनपुर का घेराव कर दिए और लापरवाह आश्रम अधीक्षक पर एफआईआर दर्ज करने के साथ ही बर्खास्त करने की मांग करने लगे। आक्रोशित भीड ने इसके लिए संबंधित विभाग के अफसर सहायक आयुक्त के खिलाफ भी नारेबाजी करते रहे साथ ही चेतावनी दिया है कि इस मामले में जल्द कार्यवाही नहीं किये जाने पर आगामी 19 फरवरी को नेशनल हाइवे 130 सी रायपुर देवभोग मार्ग में चक्काजाम किया जायेगा। मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने ग्रामीणो के आक्रोश को देखते हुए उन्हे मामले से गरियाबंद कलेक्टर को अवगत करा कर कार्यवाही करवाने की बात कही है।

■ 19 फरवरी को एनएच 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग चक्काजाम की दी चेतावनी



### लापरवाही ने छीनी मासूम की जान

शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा में अध्यनरत कक्षा सातवीं के छात्र राघव मंडावी आश्रम में एक सप्ताह से बीमार थे लेकिन आश्रम अधीक्षक एवं लापरवाह प्रबंधन ने न तो बच्चे का इलाज कराया न ही इसकी जानकारी उनके परिजनो को दी। मृतक छात्र के पिता फिरतुराम मंडावी ने बताया 26 जनवरी को जब अचानक वह आश्रम पहुंचे तो पता चला कि उसका बेटा राघव का बहुत ज्यादा तबीयत खराब है और उसका कोई इलाज नही किय जा रहा है। गरीब बाप ने अपने बच्चे को आश्रम में छुट्टी का आवेदन देकर इलाज के लिए धमतरी ले गये लेकिन काफी देरी होने के कारण छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पिता फिरतुराम ने आज मैनपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए बताया आश्रम प्रबंधन की लापरवाही के कारण उसके एकलौता पुत्र की मौत हो गई दोशी लोगो पर सरकार कार्यवाही करे यह कहते हुए पिता फफकर रोने लगा।


लापरवाही : सिस्टम की लापरवाही ने ली मासूम की जान, आदिवासी बच्चे की मौत से मचा हड़कंप
भाटीगढ़ आश्रम के छात्र की इलाज के अभाव में मौत, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, आदिवासी नेता एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, नैनसिंह नेताम ने आश्रम अधीक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हे तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है और जिम्मेदार आला अफसर सहायक आयुक्त पर भी गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एवं दोषियों को बचाने के लिए कोई कार्यवाही

### लीपा-पोती से बढ़ा गुस्सा

नहीं करने का आरोप लगाया है साथ ही इस मामले को लेकर 19 फरवरी को नेशनल हाइवे में चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से लालसिंह ध्रुव, महंतसिंह ध्रुव, फडिन्द्र ठाकुर, टिरकुराम ध्रुव, मुन्ना ध्रुव, गौतम, मंशाराम ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, मधुराम नेताम, जागे"वर नेताम, केशव प्रसाद, रामजी मरकाम, दौलत ध्रुव, रामलाल ध्रुव, चंदन, ईतवारू राम, भुने"वर, पुनाराम, हीरालाल ध्रुव, केशव, मंगलुराम, शिवनाथ, कुबेर, राजेन्द्र ध्रुव, फिरतुराम मंडावी, देवकुमार ओटी, छबिलाल ध्रुव एवं सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे।

# राजिम कुंभ में विराट संत समागम का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला में 10 फरवरी को शाम 7 बजे विराट संत समागम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरू साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूप नारायण साहू मौजूद रहेंगे।



■ विस अध्यक्ष डॉ. रमन होंगे मुख्य अतिथि

इस अवसर पर विराट संत समागम अवसर पर देशभर से प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का आशीर्वचन और सानिध्य प्राप्त होगा। जिसमें प्रमुख रूप से आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी महाराज, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज, पीठाधीश्वर द्वारकेश लाल जी महाराज, संत गुरूशरण महाराज पंडोखर सरकार, महंत नरेन्द्र दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास जी महाराज, स्वामी विराम देवाचार्य जी महाराज, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती, महंत सर्वेश्वर दास महाराज, संत परमात्मानन्द महाराज, संत युधिष्ठिर लाल जी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### राजिम में मुंबई की स्वाति मिश्रा का कार्यक्रम आज



**राजिम।** मुंबई की स्वाति मिश्रा आज राजिम आ रही है। मेला स्थल राम आएंगे से गूंजेगा। राजिम कुंभ कल्प मेले के दसवें दिन 10 फरवरी को सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा का भव्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि श्रीराम भक्ति से ओत-प्रोत स्वाति मिश्रा के भजनों ने रामभक्तों के दिलों में विशेष स्थान बना लिया है। उनके गीतों में भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं का ऐसा संगम देखने को मिलता है, जो श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देता है। राम आएंगे भजन ने उन्हें देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहचान दिलाई है। राजिम कुंभ कल्प मेला के मंच पर श्रीराम भक्ति से जुड़े एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

# दाल-भात केंद्र में घंटों रहा अंधेरा, महिला समूहों का फूटा गुस्सा, चरमराई व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला में व्यवस्थाओं की पोल खुलकर सामने आ रही है। रविवार को श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ पहुंची, लेकिन भीड़ आते ही व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सबसे गंभीर स्थिति दाल-भात केंद्र में देखने को मिली, जहां शाम 7:30 बजे से लगभग आधे क्षेत्र में बिजली गुल रही। दाल-भात केंद्र वह इलाका है जहां केवल महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य और महिलाएं ही कार्य करती हैं। ऐसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्र में अंधेरे का छा जाना सुरक्षा और व्यवस्था दोनों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। भोजन करने श्रद्धालु पहुंचने लगे, लेकिन चारों तरफ अंधेरा पसरा रहा। महिला समूह की सदस्यों ने तत्काल इवेंट एजेंसी और आयोजन से जुड़े जिम्मेदारों को बिजली बंद होने की सूचना दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। बार-बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। घंटो की मशक्कत के बाद देर रात बिजली आई, तब जाकर महिला समूहों का गुस्सा शांत हुआ। इस दौरान महिला समूहों में भारी नाराजगी रही। कहा कि जब भीड़ कम है तब ही व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे, तो आने वाले दिनों में जब भीड़ और बढ़ेगी तब क्या होगा?



### प्रशासन और इवेंट एजेंसी पर उठे सवाल

श्रद्धालुओं और महिला समूहों ने प्रशासन और इवेंट एजेंसी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यदि अभी हालात ऐसे हैं, तो आने वाले दिनों में भारी भीड़ के दौरान बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। राजिम मेला प्रदेश ही नहीं, देशभर में अपनी पहचान रखता है। ऐसे में अव्यवस्था न केवल श्रद्धालुओं को परेशान कर रही है, बल्कि मेले की छवि को भी धूमिल कर रही है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस बदइंतजामी पर कब तक संज्ञान लेता है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।




# 2 साल से शौचालय का मूल्यांकन नहीं भुगतान रुका, शाला प्रबंधन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

समग्र शिक्षा के अंतर्गत आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला में बालिका शौचालय एवं बालक शौचालय के लिए क्रमशः अलग -अलग 1.81 लाख के राशि के स्वीकृति सत्र 22-23 में की गई है, इसका निर्माण पूर्ण हो चुका है और मूल्यांकन के पश्चात दिसंबर 2023 में राशि का भुगतान किया जाना था किंतु 2 साल हो जाने के बाद भी मूल्यांकन नहीं होने की वजह से शाला प्रबंधन समिति को राशि का भुगतान नहीं हो पाया है जिससे शाला प्रबंधन और शिक्षक काफी परेशान है, उन्होंने बताया कि प्रथम किस्त के रूप में दोनों का लगभग 2 लाख 15 हजार मिल चुका है और 147000 की राशि शेष है जिसका भुगतान मूल्यांकन के बात किया जाना है किंतु लगातार भुगतान के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा कलेक्टर, बीआरसीसी एवं जनपद के अधिकारी सहित सभी से कहा गया है किंतु 2 साल से मूल्यांकन नहीं होने की वजह से भुगतान नहीं हुआ है यह मुख्यालय का हाल है जो सभी अधिकारी के सामने आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल है जहां पर प्रत्येक समय स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमें सभी की उपस्थिति रहती हैं उसके बाद जो 2 साल तक मूल्यांकन नहीं होना प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है, स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि शासन से राशि प्राप्त होने के बाद बेहतर बनाने के लिए और बाथरूम, देसी एवं विदेशी शौचालय सहित प्रसाधन का कार्य किया गया ताकि बच्चों को अधिक सुविधा मिल सके और यहां पर लगातार सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजन किया जाता है जिसमें शौचालय की आवश्यकता पड़ती है किंतु उनके इस मेहनत का कोई परिणाम नहीं मिला और 2 साल से मूल्यांकन के अभाव में लंबित है।



### मूल्यांकन की कॉपी नहीं मिलने की वजह से निर्माण कार्य अधूरा

उन्होंने कहा कि संबंध में लगातार जनपद के अधिकारी सहित सभी से संपर्क किया गया किंतु अब तक परिणाम शून्य हैं। इस संबंध में डीएमसी शिवेश शुक्ला ने कहा कि आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला के बालक एवं बालिका शौचालय के मूल्यांकन की कॉपी नहीं मिलने की वजह से निर्माण कार्य अधूरा बताया जा रहा है और भुगतान नहीं हुआ है इस संबंध में स्कूल को लगातार पत्र लिखा गया है कि निर्माण पूर्ण हुए शौचालय का पूर्णता मूल्यांकन एवं पूर्णता प्रमाण पत्र जमा करें ताकि राशि का भुगतान हो और अधूरे कार्य के बजाय पूर्ण हो। इस संबंध में जनपद पंचायत के एसडीओ दिनेश नेताम ने कहा कि जानकारी में नहीं था अब काम देखकर उनके मूल्यांकन की कार्यवाही करूंगा।

# महाशिवरात्रि 15 को, चंपेश्वर महादेव का होगा अभिषेक और पंडवानी की गूंज से गूंजेगा धाम

**आस्था : तीन दिवसीय अखंड रामायण और पंडवानी गायन का होगा भव्य आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

पंचकोसीधाम के सुप्रसिद्ध प्राचीन चंपेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व पर 15 फरवरी को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ का विशेष जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी नान्हुराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 13 फरवरी से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय अखंड रामायण कार्यक्रम भी रखा गया है। तीनों दिनों तक भक्तिमय वातावरण में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और






धार्मिक प्रवचन होंगे, जिससे संपूर्ण क्षेत्र शिवमय और राममय हो उठेगा। महाशिवरात्रि की दोपहर 2 बजे विशेष आकर्षण के रूप में ग्राम डमरू के प्रसिद्ध मोर गवई गंगा महाभारत की पंडवानी गायिका शिवकुमारी पटेल की प्रस्तुति होगी। उनकी ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण शैली से महाभारत की कथाएं सजीव हो उठेंगी, जिससे श्रद्धालु भक्ति और संस्कृति के संगम का अदभुत अनुभव करेंगे। श्री साहू ने बताया कि मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तगण सुचारु रूप से पूजा-अर्चना और कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर को सफल बनाएं और धर्म लाभ अर्जित करें। इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन से पंचकोसी धाम एक बार फिर आस्था और संस्कृति के केंद्र के रूप में आलोकित होगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सुशासन का संकल्प हो रहा सिद्ध : नरोत्तम

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन और अंत्योदय का संकल्प हो रहा है सिद्ध प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव -गांव आवास निर्माण कार्य करवाया जा रहा है भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है सरकार में आते ही सभी गरीबो को पक्का आवास मकान योजना का लाभ दे रही है और छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्वाधिक आवास निर्माण करने वाला राज्य बना है। उक्त बाते भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कही। श्री साहू ने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रभावी नेतृत्व में आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजगति से किया जा रहा है आवास निर्माण कार्य को आजीविका कौशल प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण से जोड़कर इसे समग्र विकास का माध्यम बनाया है।

### तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ द्वारा समस्त राजस्व ग्राम पटेलों की समस्याओं एवं कर्तव्यों, अधिकारों की जानकारी देने एवं मांग आदि के संबंध में विशेष चर्चा के लिए महासमुंद तहसील के राजस्व ग्राम पटेलों की बैठक 10 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद में आहूत की गई है। उक्ताशय की जानकारी तहसील अध्यक्ष भागवत राम साहू (मोरधा) एवं उपाध्यक्ष तहसील भगवानी राम साहू (पीढ़ी) ने दी है।

### आज मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे आप कार्यकर्ता

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया, इसके बावजूद सरकार द्वारा 6 फरवरी को धान खरीदी बंद कर देना किसानों के साथ खुला अन्याय है। इसी के विरोध में आम आदमी पार्टी 10 फरवरी को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।

### स्कूल स्टाफ द्वारा बनाए गए दो वीडियो वायरल होने से विवाद गहराया था

# छात्रों के प्रदर्शन के आगे झुका प्रशासन, पीएम श्री स्कूल की प्राचार्य की पदस्थापना निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय एक बार फिर विवादों के चलते चर्चा में है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरियाबंद द्वारा जारी आदेश में प्राचार्य वंदना पांडेय की अस्थायी पदस्थापना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। यह आदेश 9 फरवरी 2026 को जारी किया गया। कार्यालयीन जानकारी के अनुसार पूर्व में आदेश क्रमांक 804/स्था.01 टी/पदस्थापना/2025-26 दिनांक 04 फरवरी 2026 के तहत प्राचार्य को निलंबन से बहाल करते हुए विद्यालय में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया था। अब नवीन आदेश क्रमांक 86/स्था.01 टी/पदस्थापना/2025-26 के माध्यम से उक्त पदस्थापना को निरस्त कर दिया गया है। पीएम श्री स्कूल एक दिन पहले भी सुर्खियों में रहा। स्कूल स्टाफ द्वारा बनाए गए दो वीडियो वायरल होने से विवाद गहरा गया। वीडियो में दिख रहे शिक्षकों का कहना था कि विद्यालय में आयोजित उत्सव के समापन के बाद अपने दायित्व पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने वीडियो बनाया था, जिसे दुर्भावनावश प्राचार्य द्वारा मीडिया के माध्यम से वायरल कराया गया। इस घटना के बाद से स्कूल का माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के अनुसार जनवरी 2025 में पाई गई खामियों पर कार्रवाई करने में मंत्रालय को लगभग 10 माह का समय लगा, लेकिन कार्रवाई के पांच माह बाद ही 29 जनवरी को प्रशासनिक आवश्यकता का हवाला देकर प्राचार्य को बहाल कर दिया गया। जबकि सरकारी प्रावधान के अनुसार निलंबन के बाद उसी संस्थान में उसी पद पर पुनः पदस्थापना नहीं की जाती। नियमों के विपरीत बहाली के बाद प्राचार्य के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर संस्थान में असंतोष बढ़ने की बात सामने आई, जिससे विद्यालय का माहौल बिगड़ गया।





**छात्रों ने प्राचार्य को हटाने की मांग की थी**

5 फरवरी को पीएम श्री स्कूल के 28 स्टाफ सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर को लिखित रूप से मामले से अवगत कराते हुए प्राचार्य को अन्यत्र पदस्थ करने की मांग की थी। पांच दिन तक कोई सुनवाई नहीं होने पर छात्रों ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। सोमवार को सैकड़ों छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च पर निकले और प्राचार्य को हटाने की मांग की। छात्रों ने विद्यालय प्रबंधन और व्यवहार को लेकर असंतोष जताया। प्रदर्शन के तुरंत बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए प्राचार्य की पदस्थापना को निरस्त कर दिया। माना जा रहा है कि छात्रों और शिक्षकों के लगातार विरोध तथा विद्यालय में बढ़ते विवादों के चलते जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने यह निर्णय लिया है। फिलहाल विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# खेमराज साहू ने हिमाचल प्रदेश में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

पर्वतारोहण ट्रैकिंग के क्षेत्र में कार्यरत गरियाबंद जिले के युवा खेमराज साहू ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित सोलंग वैली गांव से पतालसू पीक ट्रैक करने के लिए निकले थे जिसकी ऊंचाई लगभग 13900 फीट है परंतु 03 फरवरी 2026 को अत्यधिक बर्फबारी होने से पतालसू पीक तक पहुंच पाना मुश्किल था और कुल्लू जिला प्रशासन व हिमाचल प्रशासन द्वारा मौसम को देखते हुए उंचाई पर ट्रैक में जाने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था क्योंकि जिस रास्ते से ट्रैक करके पहाड़ी चढ़ना था वहां पर लगभग 8 से 10 फीट तक बर्फ जमा हुआ था, खेमराज व उनके साथियों ने एडवेंचर वैली के प्रशिक्षु माउंटेनियर के मार्गदर्शन में यह ट्रैक करने का कोशिश किया जिसमें सोलंग वैली गांव से होकर शगाडुग के जंगलों में ट्रैक करते हुए सीने तक की जमी बर्फ को हटाकर, धसते पैर से रास्ता बनाकर ट्रैक किया, मौसम के अनुकूल को देखते हुए लगभग 9000 फीट की ऊंचाई माइनस –6 डिग्री पर खेमराज साहू ने राजिम माघी पुन्नी मेला परिवर्तित नाम राजिम कुंभ (कल्प) मेला 2026 का तस्वीर के साथ प्रमोट करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की छायाप्रति व तिरंगा लहराते हुए यह सफल आरोहण किया गया, इसके पहले भी खेमराज साहू ने 2023 में केदारकंठा चोटी 12500 फीट उत्तराखंड पर गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के साथ गरियाबंद जिले के विभिन्न दर्शनीय स्थल को प्रमोट कर चुके हैं, जिसके लिए खेमराज साहू का नाम (वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकॉर्ड) में नाम दर्ज है, साथ ही रायपुर से गरियाबंद एक दिवसीय सायकल यात्र करते हुए वर्ष 2023 में राजिम माघी पुन्नी मेला को भी प्रमोट कर चुके हैं, यह आरोहण में खेमराज के साथ छत्तीसगढ़ से शामिल ट्रैकर नितेश अग्रवाल राजनांदगांव व ओड़िशा के एक्सपीडिशन एडवेंचर ट्रैकर प्रवासिनी व उनके अन्य साथी रहे।



# पेण्ड्रा में गूंजा सामाजिक एकता का स्वर ध्रुव गोंड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र (सर्कल) छुरा के अंतर्गत आश्रित ग्राम पेण्ड्रा में समाज का वार्षिक अधिवेशन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमामय वातावरण एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज के वरिष्ट पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, युवाओं एवं ग्रामीणजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरुआत समाज के आराध्य प्रकृति शक्ति बड़ादेव की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, सम्मान एवं उद्बोधन संपन्न हुआ। मंच से समाज के उत्थान, संस्कृति संरक्षण एवं भावी दिशा पर सारगर्भित विचार रखे गए। इस अवसर पर पन्ना लाल ध्रुव, प्रदेशाध्यक्ष, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज (छत्तीसगढ़) ने अपने संबोधन में जल, जंगल और जमीन



के संरक्षण को समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उन्नत खेती, स्वरोजगार और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ें तथा आधुनिक तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें।पूरन सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज, गरियाबंद ने समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों और पहचान की रक्षा कर सकता है। वहीं गंगाराम नेताम, सलाहकार, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज जिला गरियाबंद ने सामाजिक संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता, अनुशासन और निरंतर संवाद से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षक हेमलाल ध्रुव ने समाज के तीन प्रमुख सामाजिक संस्कार जन्म संस्कार, विवाह संस्कार एवं मृत्यु संस्कार को अपनी पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप एवं फिजूलखर्ची से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का मुख्य आधार स्तंभ बताते हुए शत-प्रतिशत शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक परिवार से संकल्प लेने की अपील की। अधिवेशन के दौरान समाज के सामाजिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ खेल, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभाशाली युवक-युवतियों को मंच से सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।सम्मान समारोह के पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए भोजन-प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सामाजिक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें समाज की समस्याओं, सुझावों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में अतिथियों की विदाई के साथ अधिवेशन के समापन की घोषणा की गई। यह वार्षिक अधिवेशन समाज में एकता, जागरूकता और आत्मविश्वास को मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ, वहीं युवाओं के लिए नई दिशा और प्रेरणा का स्त्रोत भी बना।

■ जल-जंगल-जमीन संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक समरसता पर दिया गया जोर

# बलराम ने शादी की वर्षगांठ पर हजारों को खिलाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा संचालित भोग भंडारा में सेवा, श्रद्धा और संस्कार का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। समिति के संगठन मंत्री बलराम साहू ने अपनी विवाह वर्षगांठ के पावन अवसर पर भोग भंडारा का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण कराई। यह भोग भंडारा समिति द्वारा आयोजित भंडारों की श्रृंखला का आठवां दिन था।भोग भंडारा की शुरूआत भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की विधिवत पूजा-अर्चना व आरती के साथ हुई। पूजा उपरांत बलराम साहू एवं उनकी धर्मपत्नी ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन परोसा। भोग भंडारा में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन- सलगा बरा चावल, दाल, गोभी-आलू की सब्जी, पापड़, अचार एवं केला परोसा गया। इस अवसर पर बलराम साहू ने कहा कि विवाह वर्षगांठ पर भोग भंडारा करने की प्रेरणा उन्हें समिति के अध्यक्ष लाला साहू से मिली, जिसके बाद उन्होंने यह सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। कहा कि जीवन के शुभ अवसरों को सेवा से जोड़ना ही सच्ची भक्ति है भंडारा स्थल में नगर की बेटी नेहा पुरसेठ का स्वागत किया गया भोग भंडारा में सेवा देने वालों में समिति के अध्यक्ष लाला साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

**राजिम कुंभ में सेवा की नई मिसाल**




पेज 7 का शेष...

### राजिम कुंभ में...

महाराज, संत गोवर्धन शरण जी महाराज, महंत रामरूप दास जी महाराज, महंत दिव्यकांत जी महाराज, महंत त्रिवेणी दास जी महाराज, महंत राधेश्याम दास जी महाराज, महंत उमेशानन्द गिरी जी महाराज, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द जी महाराज, आचार्य राकेश आर्य जी महाराज, गुरू मां सुमिरण माई, संत कौशलेन्द्र रामजी महाराज, संत विचार साहेब जी महाराज, संत गोकुल गिरि जी महाराज, प्रजापिता ब्रह्मकुमार नारायण भाई, स्वामी अखिलेशानंद जी महाराज, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी हेमा बहन, स्वामी कृष्णानंद जी महाराज, आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज, आचार्य लव कुमार शर्मा जी महाराज, संत सिद्धेश्वरानंद जी महाराज, आचार्य त्रिभुवन मिश्रा, महंत बीआर जोशी सहित अन्य संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, गांव-गांव में आधारभूत संरचना विकसित होगी

# विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी आव्हान पर वीजी रामजी पर भाजपा मंडल नवापारा द्वारा कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में श्री बजाज ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा ग्रामीण भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिए लागू की गई विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना के खिलाफ कांग्रेस के नेता जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही तथा गांव-गांव में आधारभूत संरचना विकसित होगी। उन्होंने कहा कि जी रामजी योजना से जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ ग्लोबल वार्मिंग की गति को रोकने में मदद मिलेगी। श्री बजाज ने कहा वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी पूरी दुनिया के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है इससे जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है इससे दुनिया के सारे देश चिंतित है तथा अपने-अपने स्तर पर इसे रोकने का प्रयास कर रहें है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरामजी योजना लागू कर वैश्विक तापमान को रोकने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। श्री बजाज ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से नदी-नालों, सड़कों के किनारे तथा तालाब के तट पर वृहद वृक्षारोपण के साथ साथ गांव की पड़त भूमि में बाग-बगीचा व छोटे जंगल विकसित करने की कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने भाजपा कार्यकताअरं से कांग्रेस के आरोपों का करारा जवाब दे।

**डिजिटल पेमेंट होने से भ्रष्टाचार नहीं होगा**





कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू ने गांवों से पहुंचे सरपंचों को सम्बोधित करते हुए विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन पर कहा कि पहले 100 दिनों का रोजगार मिलता था अब 125 दिनों का मिलेगा साथ ही डिजिटल पेमेंट होने से भ्रष्टाचार नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए संकल्पित रहने कार्यकर्ताओ से अपील किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा परदेशी साहू, रमेश पहाड़िया, अशोक गंगवाल, मंडल महामंत्री सिंटू जैन, चेतन साहू, उपाध्यक्ष धीरज साहू, मनीष देवांगन, गुलशन साहू, तनु मिश्रा, प्रदेशकार्य समिति सदस्य योगिता सिन्हा, दयालु राम गाड़ा, पार्षद सचिन सचदेव, पूजा कंसारी, लोमेश्वरी साहू, साधना सौरज धनमती साहू, मनीष चौधरी, मुकुंद मेश्राम, प्रेम साधवानी, हर्षा कंसारी, किरण सोनी, उमा कंसारी, प्रभा बांसवार, अनुज राजपूत, अंकित मेघवानी गांवों के सरपंच लखन सिन्हा तररी, नन्दू साहू दुलना, डोंगितराई कुमारू साहू, भीखम साहू पिपरौद, भोले सोनकर, वीरेन्द्र यादव मौजूद थे।

### मड़ेली में भाजपा की विकसित भारत कार्यशाला रोजगार और आत्मनिर्भरता पर दिया गया जोर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देश पर भाजपा मंडल खड़मा के ग्राम मड़ेली गायत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन की कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें में मुख्य वक्ता के रूप में शिवांगी चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जगन्नाथ पाण्डेय, मंडल महामंत्री पालेन्द्र साहू, जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, साहित सभी वक्ताओं ने विकसित भारत जी राम जी के बारे में विस्तृत जानकारी देकर ग्राम वासियों को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और गरीब कल्याण एवं आत्मनिर्भर गांव कैसे बने इस दिशा में सरकार की योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल के कार्यकर्ता रुपेश्वर साहू, रेवती भुजिया, वरिष्ठ कैलाश साहू, उमेंद दीवान, रेख राम बांधे, रवि साहू, युवा मोर्चा राहुल मीरि, जसप्रीत सिंह, सहित बूथ अध्यक्ष मानसिंग दीवान, राकेश टोडर ओमप्रकाश साहू सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिले में 18 तक वजन त्यौहार का आयोजन

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 09 फरवरी से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सेक्टर-01, क्लस्टर विश्वकर्मा नगर शहरी परियोजना अंतर्गत वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों के वजन का अवलोकन किया गया तथा वजन एवं पोषण स्तर की जांच उपरांत अतिथियों द्वारा पालकों को पोषण रिपोर्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### बच्चों को भावनात्मक सहयोग, विश्वास व सकारात्मक वातावरण दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज : महासमुंद
कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने जा रहा हैं। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए प्रेरक संदेश जारी करते हुए कहा है कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसे संतुलन, सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ पार करना आवश्यक है। यह परीक्षा विद्यार्थियों की मेहनत, अभ्यास एवं अनुशासन का मूल्यांकन करने का अवसर है ।

## पहल : दक्षिण भारत से आए मेहमानों को भाया छत्तीसगढ़

# उदंती रिजर्व में खुलेंगे हॉर्नबिल रेस्टोरेंट, साल भर मिलेगा दुर्लभ पक्षियों को पसंदीदा दाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अब प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक अनोखी और अभिनव पहल होने जा रही है यहां दुर्लभ मालाबार पाइड हॉर्नबिल पक्षियों के लिए विशेष रूप से हॉर्नबिल रेस्टोरेंट तैयार किए जाएंगे, ताकि इन सुंदर और दुर्लभ पक्षियों को जंगल में ही सालभर भरपूर और सुरक्षित भोजन मिल सके। हालांकि यह कोई ईंट-पत्थर से बना रेस्टोरेंट नहीं होगा, बल्कि जंगल और गांवों के आसपास विकसित किए जाने वाले फलदार पेड़ों का प्राकृतिक उद्यान होगा। इन बगीचों में पीपल, बरगद और अन्य फाइकस प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें सालभर फल लगते हैं और जो हॉर्नबिल का मुख्य आहार हैं। मालाबार पाइड हॉर्नबिल आमतौर पर पश्चिमी घाट के घने जंगलों में पाया जाता है, लेकिन उदंती-सीतानदी का पहाड़ी भूभाग, हरियाली और अनुकूल जलवायु इसे बेहद पसंद आ रही है। यही वजह है कि जहां पहले महीने में एक-दो बार इनका दीदार होता था, वहीं अब हफ्ते में दो से तीन बार ये पक्षी नजर आने लगे हैं यह टाइगर रिजर्व अब धीरे-धीरे जैव विविधता का महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है।

- उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की सामुदायिक पहल हॉर्नबिल संरक्षण की ओर एक कदम

### जंगल बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है हॉर्नबिल



अलग खबर

हॉर्नबिल सिर्फ सुंदर पक्षी ही नहीं, बल्कि जंगल का प्राकृतिक माली भी है ये फल खाने के बाद उनके बीजों को दूर-दूर तक फैलाते हैं, जिससे जंगल का प्राकृतिक विस्तार होता है यही कारण है कि वन विभाग इन्हें फॉरेस्ट इंजीनियर भी मानता है।



### पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

हॉर्नबिल रेस्टोरेंट न सिर्फ पक्षियों के संरक्षण में सहायक होंगे, बल्कि ईको टूरिज्म को भी नई दिशा देंगे अब पर्यटक सुरक्षित दूरी से इन दुर्लभ पक्षियों को प्राकृतिक वातावरण में देख सकेंगे। खास बात यह है कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का पहाड़ी इलाका (क्षेत्रफल का 60:, ऊंचाई 800–1000 मीटर) और जलवायु पश्चिमी घाट के सदाबहार जंगलों से काफी मिलते-जुलते हैं, जिससे ऐसे सूक्ष्म पर्यावास बनते हैं जो उन प्रजातियों के लिए उपयुक्त हैं जो अन्यथा दक्षिण भारत तक ही सीमित हैं इसी वजह से मालाबार पाइड हॉर्नबिल, भारतीय विशाल गिलहरी और अन्य सीमित क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रजातियों का अस्तित्व बना हुआ है, जिससे यूटीआर एक जैव-भौगोलिक सेतु और मध्य भारत में जैव विविधता संरक्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

### सुरक्षा के लिए बनी विशेष ट्रैकर टीमें

हॉर्नबिल की सुरक्षा और निगरानी के लिए विशेष ट्रैकर टीमें बनाई गई हैं ये टीमें इनके घोंसलों पर नजर रखती हैं और किसी भी खतरे की सूचना तुरंत देती हैं वन्यजीव विशेषज्ञ अभिजीत शर्मा, फोटोग्राफर आकाशवीर सिंह, वन रक्षक राकेश मार्कंडेय, चूरामन धूतलाहरे और रेंजर अमर सिंह ठाकुर ने स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर इस अभियान से जोड़ा है। ड्रोन की मदद से जंगल की आग और शिकारियों पर भी नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि टाइगर रिजर्व में पहली बार साल 2017 में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने इस पक्षी को रिकॉर्ड किया था, जिसके बाद से इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

## राजिम कुंभ में अव्यवस्था

# कलाकार आरु साहू सहित अन्य को नहीं मिला भोजन विधायक ने लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला में आस्था और संस्कृति के नाम पर बड़ी बदइंतजामी सामने आई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने आए राज्यस्तरीय कलाकार आरु साहू सहित कई कलाकारों को देर रात तक खाना तक नसीब नहीं हुआ। इस गंभीर लापरवाही से कलाकारों में आक्रोश फैल गया और मामला सीधे जनप्रतिनिधियों तक जा पहुंचा। रविवार की रात मुख्य मंच पर कार्यक्रम समाप्त होने के डेढ़ घंटे बाद भी कलाकारों को भोजन नहीं मिला। आयोजकों और इवेंट एजेंसी की इस लापरवाही को कलाकारों ने अपमानजनक बताया। सूचना मिलते ही राजिम विधायक रोहित साहू मौके पर पहुंचे और इवेंट एजेंसी के कर्मचारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से तीखे सवाल किए। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विधायक रोहित साहू ने एजेंसी के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और दो टूक कहा कि राजिम कुंभ कोई निजी तमाशा नहीं, बल्कि प्रदेश की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। इसकी गरिमा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने मौके पर ही सभी कलाकारों को निजी रेस्टोरेंट में भोजन कराया और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जनसंवाद से समस्याओं का होता है समाधान : लोकेश्वरी नेताम

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर वन विभाग मैदान में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद शिविर का आयोजन आज सोमवार को किया गया। इस शिविर में मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर पेयजल, स्वास्थ्य, पेंशन नहीं मिलने, हेडपम्प खराब, बिजली कटौती, सौर उर्जा प्लेट खराब की समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया और इस संबंध में विस्तार से चर्चा कर समस्या समाधान करने की मांग किया गया। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा विकासखण्ड स्तरीय मितानिन स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद कार्यक्रम के शुभारंभ में विशाल रैली निकाली गई यह रैली पूरे मैनपुर नगर का भ्रमण कर वापस वन विभाग मैदान पहुंची जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य



लोकेश्वरी नेताम ने कहा की स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे मितानिन बहनों ने आज यहां जो समस्या बताया है वह समस्याओं को उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर समस्या का समाधान किया जायेगा। आज क्षेत्र के लोग छोटे-छोटे समस्या पेयजल, आंगनबाड़ी, नाली, शिक्षक एवं गांव में नर्स स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं होने से बेहद परेशान हो गए हैं लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाना बेहद आवश्यक है। इस दौरान मैनपुर के पंच पारेश्वर नेताम ने भी मैनपुर के सभी वार्डों में साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग किया है।

विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए अपील किया है कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए हम सबकी जिम्मेदारी है अपने आसपास साफ सफाई रखे कहीं कोई परेशानी हो तो इसकी जानकारी तत्काल मितानिन बहनों स्वास्थ्य कार्यकर्ता के जरिए से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाया जाये जिससे समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस दौरान अतिथियो का शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला समन्वयक चंद्रकांता साहू, पार्वती नागेश, उपंवतीन यादव, कन्हैया नागेश, दुलेश्वरी पटेल, बुधवारी बाई, पिंकी, पुष्पा, मालती कपिल, कविता, यशोदा, हेमलता वैष्णव, मोनिका निर्मलकर, सुशिला, निर्मला, "यामाबाई, हेमलता, तेजमनी, मालती, चंचला, जमुना, पार्वती बघेल, संतोश तारक, महेन्द्र नागेश, रमुलाबाई, माधुरी, चैतीबाई, शांति सलाम, पंकज ध्रुव, कौशिल्या, ताराबाई, कैकई, हेमलता, रूखमणी, टिकेश्वरी बघेल एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में एआई व इनोवेशन पर कार्यशाला

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सोमवार को एआई एवं इनोवेशन स्प्रिंट्स विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आईआईसी–आईएसबीएम विश्वविद्यालय के संयोजक टेकेश्वर कौशिक ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की भूमिका, उद्देश्य तथा आईएसबीएम विश्वविद्यालय में संचालित नवाचार संबंधी गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आईआईसी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता की भावना विकसित करना है। स्वागत भाषण में डॉ. शुभाशीष बिस्वास, डीएसडब्ल्यू, आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नवाचार के



माध्यम से डिजिटल समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नवाचार आधारित स्प्रिंट मॉडल किसी भी संस्था के विकास का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। इसके माध्यम से कम समय में प्रभावी, सटीक एवं उपयोगी डिजिटल समाधान विकसित किए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के अध्यक्ष एवं संयोजक का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। साथ ही माननीय कुलाधिपति महोदय एवं आईएसबीएम विश्वविद्यालय के समस्त प्रबंधन का विशेष सहयोग एवं संरक्षण प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त आईआईसी के सभी सदस्यों के सतत परिश्रम, समन्वय एवं टीमवर्क के कारण यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं पूर्ण सफलता के साथ संपन्न हो सका।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, कुलसचिव एवं सभी अधिष्ठाताओं द्वारा अग्रिम रूप से शुभकामनाएँ प्रदान की गई हैं।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## मतदाताओं के नाम कटवाने हो रहा प्रयास : सौरभ शर्मा

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि अभनपुर विधानसभा में मतदाताओं के नाम कटवाने कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जिससे एस आई आर प्रक्रिया पर ही प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इस बात का खुलासा पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने रायपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में किया था। फॉर्म 7 का दुरुपयोग कर व्यक्ति विशेष के लोगों को चिन्हांकित कर उनके नामों को कटवाने की साजिश हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि नाम कटवाने वाले आवेदनकर्ता का बिना मोबाइल नंबर और पोस्टल एड्रेस के आवेदन लेना भी यह दर्शाता है कि गड़बड़झाला चल रहा है। मतदाताओं के संबंध में गलत जानकारी देकर यह गंभीर साजिश रची जा रही है। इस बात की गहन छानबीन की जाए। लोकतंत्र में सभी को वोट देने का अधिकार है और इसे अवैध तरीके से छीनने का हक किसी को नहीं है।



## माता जानकी जयंती पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने बताया कि इस साल 9 फरवरी को माता जानकी जयंती मनाई गई। यह पर्व माता सीता के जन्मोत्सव के रूप से मनाया जाता है। माता सीता, भगवान राम की अर्धांगिनी और राजा जनक की पुत्री थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सीता का जन्म फाल्गुन कृष्ण अष्टमी तिथि को हुआ था।

**निधन**

## मनिंद्र हलधर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ पिकुल हलधर के पति मनिंद्र हलधर का सोमवार को निधन हो गया। जिनके अंतिम संस्कार उनके बेटीयों ने पिता को कंधा दिया। और अंतिम संस्कार भी किया। इस दौरान गांव के गणमान्य नागरिक शामिल थे।

### कुंभ कल्प : इवेंट एजेंसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, जनप्रतिनिधियों का फूटा गुस्सा

# बदइंतजामी पर आक्रोश, पार्षदों व नागरिकों ने इवेंट एजेंसी के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला जिसे श्रद्धा, परंपरा और गौरव का प्रतीक माना जाता है, इस बार भारी बदइंतजामी और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। त्रिवेणी संगम जैसे पावन स्थल पर आयोजित इस ऐतिहासिक मेले में अव्यवस्थाओं के खिलाफ अब जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। सोमवार दोपहर महोत्सव स्थल पर नगर पालिका के पार्षदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने इवेंट एजेंसी के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। पार्षद तुषार कदम, नरोत्तम ठाकुर, प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, शिव सोनकर, बबलू सोनकर, सागर देवानी, श्रवण यादव, रोशन यादव, मिथिलेश पटेल, डिगेश पटेल, नीतीश कहार सहित कई जनप्रतिनिधि मोर्चे पर डटे रहे। धरना में बैठे जनप्रतिनिधियो ने आरोप लगाया कि मेले की तैयारी में इवेंट एजेंसी ने घोर लापरवाही, अनियमितता और गड़बड़झाला किया है। साफ-सफाई बदहाल है, यातायात व्यवस्था ध्वस्त है, बिजली-पानी की आपूर्ति अनियमित है और सुरक्षा इंतजाम भगवान भरोसे छोड़ दिए गए हैं। इन हालातों में श्रद्धालु भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।




**स्थानीय हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

जनप्रतिनिधियों ने दो टूक कहा कि मेले को भव्य बनाने के नाम पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सुविधा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। राजिम कुंभ, जहाँ देशभर से श्रद्धालु त्रिवेणी स्नान और दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं, वहां ऐसी बदइंतजामी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला प्रशासन ने पारदर्शिता और सुधार का भरोसा तो दिया है, लेकिन अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जमीन पर बदलाव कब और कितना दिखता है। बता दें कि यह पहला मौका है जब स्थानीय जनप्रतिनिधियो को मेले के दौरान इवेंट के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**भुगतान रोको, पहले सत्यापन करो-** प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि जब तक इवेंट एजेंसी के कामों का भौतिक सत्यापन नहीं होता, तब तक एक रुपया भी भुगतान न किया जाए। धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी हुई और माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव अपने साथ अन्य पार्षदों और तहसीलदार मयंक अग्रवाल के साथ धरना स्थल पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए अव्यवस्थाओं को तत्काल दूर करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।


**मेला अधिकारी से भी सीधे टकराव की चेतावनी-** नगरवासियों ने मेला अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में वीआईपी रोड और श्रीराम वनगमन पथ पर रोशनी व रंगाई-पुताई, स्नान घाटों की संख्या बढ़ाने, पुलिस कंट्रोल रूम से अटल घाट तक प्रकाश-सफाई-सुरक्षा व्यवस्था, महिलाओं के कपड़े बदलने की व्यवस्था, नदी की सफाई व जलस्तर सुधार, अनावश्यक बैरिकेडिंग हटाने और राशन दुकानों में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही यह भी चेताया गया कि इवेंट कंपनी को भुगतान तभी हो जब हर काम का भौतिक सत्यापन हो। मुख्य मंच और बाजार को पुनः राजिम में स्थापित करने तथा चौबेबांधा मैदान में संत समागम कराने की मांग भी रखी गई, ताकि नदी को गंदगी से बचाया जा सके।

## सच्चे भक्त की तलाश भगवान को होती है : देवी नेहा

**छुरा।** रामचरित मानस परायण महायज्ञ के कथा प्रवचन के तीसरे दिन व्यास पीठ से कथा वाचिका देवी नेहा पाण्डेय ने भगवान कार्तिकेय जन्म और तारकासुर वध की कथा सुनाते हुए कहा कि देवताओं ने एक बार शिव जी से संतान की प्रार्थना किया तब देवताओं के हित के लिए भोले बाबा ने विवाह रचाया। एक बार जब शिव जी का तेज पृथ्वी पर गिर पड़ा जिससे माता पार्वती देवताओं को श्राप दिया कि मुझे संतान की माता बनने का सुख तुम्हारे कारण नहीं मिला इसलिए अब से किसी देवता का कोई संतान नहीं होगी इसलिए आज तक देवताओं की संख्या तैंतीस कोटि से एक अधिक नहीं हुआ। पश्चात उस तेज को अग्नि देव ने पक्षी बनकर उस तेज का भक्षण कर लिया इसलिए अग्नि को श्राप मिला कि वह सर्व भक्षी हो जाय जो बिना सोचे समझे कुछ भी खा ले उसे सर्वभक्षी कहा जाता है। कथा श्रवण करने प्रमुख रुप से ओंकार शाह अध्यक्ष श्री मन्मानस यज्ञ प्रचार समिति, बजरंग पांडेय तारा महराज, अशोक दीक्षित, रमेशचंद्र जायसवाल, ओपी द्विवेदी, टंकेश्वर देवांगन, कामता प्रसाद तिवारी, एनसी साहू, बिसेशर दीवान, देव नारायण यदु, विनोद देवांगन, हीरालाल सिन्हा, तुलसी साहू, मिश्री लाल सिन्हा, नेमीचंद यादव, संत निर्मलकर, शीतल ध्रुव के साथ महिला मंडल के सदस्य मानस समिति के वरिष्ठ सदस्य गण क्षेत्र से आए श्रोता एवं पूजा प्रतिनिधि पटेल परिवार उपस्थित रहे।



## सीए बनने पर चुम्मन वर्मा को पूर्व सीएम बघेल ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सुरसाबांधा के चुम्मन वर्मा के चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए में चयनित होने पर देवरी में आयोजित छत्तीसगढ़ दिल्लीवार कुर्मी समाज के महाअधिवेशन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चुम्मन के पिता देवराम वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

## टंकेश्वरनाथ मंदिर में सत्यनारायण कथा के साथ संपन्न हुआ धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम टोनहीडबरी के टंकेश्वर नाथ मंदिर में 9 फरवरी दिन सोमवार को 12 बजे से 3 बजे तक सत्यनारायण जी की कथा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महाराज देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि भगवान सत्यनारायण विष्णु जी का रूप है और शिव और विष्णु एक ही है (हरि + हर) इसलिए,शिव मंदिर में यह कथा बहुत ही फलदायी और पवित्र मानी जाती है। कथा का आयोजन करने वाले जजमान परमेश्वर यादव, रेणुका, माता श्यामा बाईं, पुत्र युवराज यादव, पुत्री चेतना यादव थे। साथ ही साथ सभी परिजनों के साथ आमंत्रित अतिथियों उपस्थित थे। कथा का शुभारंभ भगवान गणेश जी के साथ नवग्रह,कलश, भगवान सत्यनारायण की विधिवत पूजा अर्चना कर 5 अध्याय (स्कंध पुराण के रेवाखड से ) में वर्णित हैं, जिसमें सत्यनारायण स्वामी की महिमा बताई गई। भगवान को सवा मन भोग, जिसमें केला सेवा, अंगुर, चीनी, घी, दूध और आटे का प्रसाद अर्पित किया गया। कथा के पश्चात मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां डाली गई। इसके बाद शिव-शंभू टंकेश्वर नाथ की जल, दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत, गंगा जल से अभिषेक किया गया, साथ ही पूजा के दौरान सफेद चावल, चंदन, गुलाल,रोली,बदन, फूल, बेलपत्र, कमलगट्टा, धोती, रोट और श्रीफल अर्पित किया गया। कथा के अंत में भगवान सत्यनारायण और भोलेनाथ की आरती की गई, इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। और सभी वहां पर आमंत्रित अतिथियों प्रसादी भोजन भी किया गया। 9 फरवरी को मंदिर में एक साथ दो सत्यनारायण कथा का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम रसेला व सारागांव जो इस पवित्र आयोजन के समापन का प्रतीक है। इस अवसर पर धनीराम यादव, बलदाऊ, द्वारका यादव, कल्याण सिंह, चंदा यादव,पुष्पा यादव , रेणुका यादव, चन्द्रकला यादव, दुलेश्वरी सेन, सरोज, खेदी, पूर्णिमा राजपूत, पीला बाई ठाकुर, कृष्णा यादव, सुनंदा यादव, रानू सेन, राम्हीन यादव, कुमारीबाई सेन, कसराम ठाकुर, नरेश सोरी, लक्ष्मण, जनक, भूषण साहू, मुकेश यादव उपस्थित थे।



## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधार है गौ माता : अर्जुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गौ सेवा संगम एवं गौ विज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय परीक्षा संपन्न हुआ। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन, गौ पूजा, गौ आरती की गई। सामूहिक सुरभि मंत्र जप, गौ यज्ञ हवन किया गया। पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं अतिथियों द्वारा गौ संरक्षण, संवर्धन, गौ माता के सेवा हेतु पालकों को प्रेरित किया गया। उच्च प्राथमिक स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा में जिले से सर्वाधिक पंजीयन के लिए शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा को प्रशस्ति पत्र एवं मां भारती के छायाचित्र से सम्मानित किया गया। हरे -भरे मनोहर पुष्प वाटिका के लिए भी विद्यालय का सम्मान किया गया। बेसहारा, असहाय, निःशक्त गायों की निःस्वार्थ भाव से सेवा हेतु ब्लॉक नोडल शंकर लाल यदु को सम्मानित किया गया। प्रथम वक्ता के रूप में नवाचारी शिक्षक, योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधार है गौ माता। गाय से निकलने वाला हर उत्पाद स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। गाय, पवित्रता, समृद्धि और मातृत्व का प्रतीक है इसीलिए हम गाय को माता कहते हैं। गौ माता की सेवा करना प्रकृति पूजा और इष्ट की आराधना के समान है। गौ माता की पूजा के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व हैं।

- गौ विज्ञान परीक्षा में सर्वाधिक पंजीयन के लिए आदर्श विद्यालय छुरा सम्मानित



**परीक्षार्थी को उपहार स्वरूप पंचगव्य किट दी गई-** सिन्हा ने प्रकृति की ओर लौटने का आग्रह किया। बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में गौ विज्ञान परीक्षा के आगामी चरणों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। परीक्षार्थी, पालक एवं उपस्थित सभी लोगों के लिए अल्पाहार एवं स्वादिष्ट भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षार्थी को उपहार स्वरूप पंचगव्य किट प्रदान किया गया। विद्यालय को जिला स्तर में सम्मानित किए जाने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के शिक्षाविद् केआर सिन्हा, एसआर निषाद, बीएल तारक, उखराज ध्रुवा, सीआर सिन्हा, अध्यक्ष संतराम साहू, वरिष्ठ शिक्षक निर्भय राम ठाकुर, मुरारी राम देवांगन, प्रधानपाठिका जोहरा फातिमा कुरैशी, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, समन्वयक शंकर लाल यदु, हेमलाल पटेल, सुदामा प्रसाद लोधी ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## गंधर्व झरिया गाड़ा समाज महिला संगठन मोहंदा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गंधर्व झरिया गाड़ा समाज सर्कल मोहंदा में महिला संगठन के नये पदाधिकारियो का चयन किया गया जिसमें संचालक प्रमिला सोनवानी, सुखमणी बघेल, अध्यक्ष सुशिला बाई नेताम, उपाध्यक्ष राधाबाई नागेश, सचिव प्रेमलता सोनवानी, सहसचिव तारा सोनवानी, प्रवक्ता अंजनी नेताम, कोशाध्यक्ष रोहणी नेताम, संरक्षक चंपेश्वरी नागेश को चुना गया हैं। इस दौरान महिला संगठन को मजबुत करने की रणनीति तैयार की गई है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक



Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर